राजस्व वाद संख्या 49 / 2023
GCMS NO. 2023 / 118
ओमप्रकाश वगै0 बनाम भागीरथ वगै0
आदेश दिनांक 02.07.2025

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, मुकाम बईजलास मलसीसर जिला झुंझुनूं (राज0)

पीठासीन अधिकारीः— पंकज शर्मा
(आर.ए.एस.)

दावा बाबत घोषणार्थ

अंन्तिम डिकी मुकदमा इब्तदाई

मुकदमा नम्बर :—49 / 2023 (ओमप्रकाश वगै0 बनाम भागीरथ वगै0)

निर्णय दिनांक :— 02.07.2025

यह मुकदमा आज वास्ते इफिसला कतई रूबरू, पंकज शर्मा(आर.ए.एस.), उपखण्ड अधिकारी, मलसीसर बहाजिरी वकील वादीगण मिनजानिब मुद्दई रूबरू वकील प्रतिवादी मनजानिब मुद्दालय पेश होकर हुक्म दिया जाता है व अन्तिम डिकी दी जाती है कि

मुकदमा में न्यायालय हाजा द्वारा दिनांक 02.07.2025 द्वारा पारित निर्णयानुसार खातियों का बास पटवार हल्का डाबड़ी धीरसिंह स्थित भूमि हाल ख0न0 23, 3, 32, 33, 4, 48 कुल किता 6 कुल रकबा 1.96 है0 भूमि के राजस्व रिकार्ड में से राजेन्द्र पुत्र मोती का नाम हजफ कर राजेन्द्र पुत्र मोती के 1 / 7 हिस्सा भूमि में वादीगण एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 व 2 प्रत्येक को 1 / 6 हिस्सा भूमि तथा प्रतिवादी संख्या 3 लगायत 6 को संयुक्त रूप से 1 / 6 हिस्सा भूमि का खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। दावा फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमिल जाप्ता दाखिल दफ्तर हो।

मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से आज तारीख 02.07.2025 को जारी की गई।

(पंकज शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी,
मलसीसर

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर